दैनिक
# मेरठ दर्पण
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
वर्षः 06 अंक 07 मेरठ, मंगलवार 20 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......







# सीएम ने नवचयनित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी व व्यायाम प्रशिक्षको को सौंपे नियुक्ति पत्र

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेषिक विकास दल अधिकारी व 26 व्यायाम प्रषिक्षको के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता की।ह्न मुख्यमंत्रीह्न ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओ के बेहतर भविष्य के लिये पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नियुक्तियां पूरी पारदर्षिता व निष्पक्षता से की गयी। उन्होने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 21 अधिकारियों व प्रषिक्षको को नियुक्ति पत्र दिये। वहीं मेरठ के एनआईसी में मा0 जनप्रतिनिधियों ने मेरठ के निवासी 13 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रो मे ग्रामीण युवाओ के प्रषिक्षण के लिए बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को गतिविधियों को बढावा देने के लिए प्रादेषिक विकास दल की अपनी एक भूमिका है। उन्होने



कहा कि हम गत 04 वर्षो में पीआरडी के जवानो का उपयोग यातायात की व्यवस्था के संचालन विभिन पर्वो एवं त्यौहारो के आयोजनो के अवसर पर भी शांति व्यवस्था और नागरिको की सुविधा में भी इनका बेहतरीन उपयोग किया जाता है। उन्होने कहा कि हर नागरिक व हर व्यक्ति के पास अपनी एक क्षमता है लेकिन उसका सही मार्गदर्षन किये जाने की आवष्यकता है। उन्होने कहा कि हर राजस्व ग्राम में युवक मंगल दल व महिला मंगल दल अवष्य हो इसके प्रयास किये जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण युवको को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम तो होते थे लेकिन उनके पास खेल सामग्री नहीं थी। उन्होने कहा कि प्रदेश में 55 हजार से अधिक युवक मंगल व महिला मंगल दलो को खेल सामग्री वितरित करायी गयी। उन्होने कहा कि खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से भी युवाओ को प्रेरित किया गया। उन्होने कहा कि युवक व महिला मंगल दल ने ग्रामीण क्षेत्रो में खेलकूद को बढावा देने का कार्य किया। उन्होने कहा कि सरकार ने पीआरडी का मानदेय बढ्वाया और उनका विषेष प्रोत्साहन किया। मुख्यमंत्रीह्न ने कहा कि प्रदेश के अंदर 01 लाख से अधिक राजस्व ग्राम है। राजस्व ग्रामो में खेल के मैदान हो इस पर कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्रो में स्टेडियम व मिनी स्टेडियम बनाने पर भी कार्य किया गया। उन्होने कहा कि गत दिनों में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन संपन्न हुये है। उन्होने कहा कि जिला पंचायत हो, क्षेत्र पंचायत हो या ग्राम पंचायत उनकी अपनी प्राथमिकताएं तय होनी चाहिए। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतो को ग्रामीण क्षेत्रो में खेल के मैदान, मिनी स्टेडियम व ओपन जिम की व्यवस्था के लिए अपनी प्राथमिकताएं तय करने के लिए कहा गया है। विधायक डॉ सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओ के बेहतर भविष्य के लिए कार्य कर रही है तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध करा रही है व स्वतः रोजगार के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होने सभी नवचयनित अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। एमएलसी डा0 सरोजिनी अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओ के कल्याणार्थ अनेको योजनाएं संचालित कर रही है तथा उनकी सुरक्षा व स्वावलंबन पर कार्य कर रही है। उन्होने सभी नवचयनित अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। जनपद मेरठ के निवासी 13 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों व व्यायाम प्रषिक्षको को एनआइसी में मा0 जनप्रतिनिधियो द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। जिसमें रानू धारीवाल, अनुज कुमार, शिवानी, नूर मौहम्मद, विकास कुमार, शुभम राणा, कुलदीप पुनिया, भूपेन्द्र सिंह, हिमांशु अहलावत, अंकित कुमार, सोनू कुमार, हरीष मिश्रा व अभिषेक त्यागी है। यह वह अभ्यर्थी हैं जो जनपद मेरठ के निवासी हैं वह इनकी तैनाती अन्य जनपदों में की गई है वही मेरठ के लिए भी 12 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व एक व्यायाम प्रशिक्षक की नियुक्ति की गई हैंइ इन सभी को इनके जनपदों में आज नियुक्ति पत्र दिए गए हैंइ इस अवसर पर विधायक सत्यवीर त्यागी,ह्न विधायक सोमेन्द्र तोमर,ह्न एमएलसी डा0 सरोजिनी अग्रवाल, जिलाधिकारी के0 बालाजी, युवा कल्याण अधिकारी सलोनी गर्ग सहित अन्य अधिकारीगण, नवचयनित अभ्यर्थी आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा पर यूपी सरकार के जवाब से सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट, मामला निस्तारित

**लखनऊ (एजेंसी)।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया. यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को शपथ पत्र के माध्यम से कांवड़ संघों की तरफ से यात्रा स्थगित करने की आधिकारिक जानकारी दी. राज्य सरकार के जवाब से संतुष्ट होने के बाद कोर्ट ने मामले को निस्तारित कर दिया है. दूसरी तरफ केरल में कोरोना का पाजिटिविटी रेट लगभग 11 फीसदी होने के बावजूद बकरीद पर कोविड प्रोटोकाल में ढील देने के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया और मंगलवार तक इस पर केरल सरकार से जवाब तलब किया है. कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा 9 जुलाई को ही सभी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि इस संबंध में कांवड़ संघों से वार्ता की जाए. अधिकारियों द्वारा कांवड संघों से बातचीत की गई थी. इस दौरान कांवड़ संघों ने इस साल भी यात्रा स्थगित रखने का निर्णय लिया. सीएम योगी ने कहा था कि कांवड़ संघों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए. उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार सभी नागरिकों की आस्था का पूरा सम्मान करती है. सोमवार को यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल करते हुए बताया कि कांवड़ संघ ने कांवड़ यात्रा स्थगित करने का फैसला किया है. कांवड़ संघों के यात्रा स्थगित करने के फैसलों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने पूरा मामला निस्तारित कर दिया. वहीं, प्रदेश सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पाजिटिविटी दर 0.02 प्रतिशत है और टेस्टिंग व टीकाकरण में यूपी देश के सभी राज्यों में नम्बर वन है. स्थानीय मंदिरों में कर सकते हैं जलाभिषेक सावन मास की धार्मिक परंपरा के तहत 25 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होनी थी. कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए पिछले साल की तरह इस वर्ष भी कांवड़ संघों ने यात्रा स्थगित करने का फैसला लिया है. श्रद्धालु स्थानीय मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक कर सकते हैं. इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा।

# घरों ने बारिश के पानी भरने के बाद लोगो ने किया एमडीए में हंगामा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में सोमवार को जैसे ही बारिश के बाद सड़कों का पानी घरों में पहुंचा तो शताब्दीनगर कॉलोनी निवासियों ने एमडीए कार्यालय का घेराव कर दिया। लोगों ने अधिकारियों पर कार्य न कराने का आरोप लगाते हुए हंगाम कर दिया। यहां तक कि निवासी अधिकारियों से नोकझोंक पर उतर आए, जिसके बाद कार्यालय में पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने कॉलोनीवासियों को समझाबुझाकर कर वापस भेजा। इस दौरान कार्यालय में काफी देर कार्य भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार कार्यालय का घेराव करने पहुंचे निवासियों ने अधिकारियों पर कार्य न करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष और सचिव को कुछ नही दिखता।हंगामा बढ़ता देख पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। स्थानीय पार्षद के नेतृत्व में सैंकड़ो लोगो ने कार्यालय को घेर लिया। लोगों ने एमडीए सभागार के बाहर डेरा डाल दिया।बता दें कि आज सिटी डेवलपमेंट प्लान के लिए पांच कंपनियां अपना प्रेजेंटेशन दे रही है। वहीं, दूसरी ओर निवासी समस्या को लेकर धरना देने पहुंच गए। लोगों का कहना है कि बारिश के बाद सड़कों का पानी घर के अंदर घुस गया है, लेकिन एमडीए कार्रवाई करने को तैयार नही है। ये हाल तब है जबकि वहां पर रैपिड रेल सहित अन्य प्रोजेक्ट का निर्माण चल रहा है।

# एक ही परिवार के तीन लोगों की करंट लगने से मौत, घर में मचा कोहराम

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में सोमवार सुबह हुई बारिश एक परिवार पर कहर बनकर टूट गई. बारिश के बीच मकान के मुख्य दरवाजे में बिजली का करंट उतरने से एक परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत हो गई. पहले पिता करंट की चपेट में आए. उन्हें बचाने के लिए दो बेटे दौड़े, इससे वे भी करंट की चपेट में आ गए. बताया जा रहा है कि एक-एक कर तीनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जानकारी के अनुसार, परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के गांव एचीखुर्द निवासी किसान पूरन गिरी द्ध45 सालत्र आज सुबह घर के मुख्य गेट को खोलने गए थे. उस समय बारिश हो रही थी. गेट के बराबर से ही बिजली के मीटर का तार गया हुआ है. बिजली के मीटर का तार कटा था, यह तार लोहे के गेट से टच हो गया. इससे पूरन गिरि करंट की चपेट में आ गए. उसके बाद उनका बड़ा बेटा निखिल गिरी 21 साल बचाने के लिए दौड़ा. लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों करंट लगने से छटपटाने लगे. तभी दूसरा बेटा आशुतोष 18 साल भी बचाने के लिए दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया. हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे में दो मवेशियों की भी जान गई है. घर में मातम का माहौल है. उधर, ग्रामीण पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग कर रहे हैं।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 55वें दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी रहा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल प्लाजा पर मेरठ को पुरे विश्व मे क्रान्ति धरा के नाम से विख्यात कराने वाले 1857 के क्रान्तिवीर मंगल पांडे जी की जयंती के शुभावसर पर भारतीय किसान यूनियन मेरठ द्वारा उन्हे हाथ जोड़कर नमन किया गया । इस शुभावसर पर भाकियू नेता विनीत सांगवान ने बताया भारत के इतिहास मे मेरठ की सरजमी से गोरे अंग्रेजो के खिलाफ क्रान्ति की मशाल मंगल पांडे जी द्वारा जलाई गयी थी जिससे अंततरू देश को अंग्रेजो से आजादी मिली थी । अब देश के अन्दरूनी काले अंग्रेजो द्वारा देश के किसानो व आम जनता को पुनरू गुलामी की जंजीरो मे जकड़ने के लिए थोपे गये काले षि कानूनो के विरोध मे



किसानो के भेष मे लाखो मंगल पांडे काले अंग्रेजो के सामने आंदोलनरत हैं । दूसरी तरफ ग्राम चिरोड़ी मे भारतीय किसान यूनियन मेरठ द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे 24-25 जुलाई को गाजीपुर बश्वर्डर की ओर जाने वाली ट्रैक्टर रैली को लेकर चर्चा हुई व भाकियू मेरठ द्वारा मेरठ के तमाम ग्रामो से भारी संख्या मे ट्रैक्टर ट्रोली के साथ रैली मे सम्मलित होने का आहवान किया गया । पंचायत मे मुख्य रूप से अमित चिंदोडी, अशोक चिंदोड़ी, अमरपाल फोजी, अजीत सैफी, कृष्ण पाल आदि मौजूद रहे । आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से विपीन सिकरवार, बबलू जिटोली, सुशील कुमार पटेल, निक्की छुर्र, सुभाष मलिक, लव भराला गौरव इलमसिंह, मोनू छुर्र, धीरेन्द्र छुर्र, आत्माराम छुर्र, बिट्टू छुर्र, जुनैद लावड़, समीर लावड़, महबूब सोलाना आदि मौजूद रहे ।

## भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष वर्षा कौशिक का किया सम्मान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी मेरठ महानगर द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन आई एम टी कैंट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध यक्ष मुकेश सिंघल ने की। कार्यक्रम में एम एल सी सरोजनी अग्रवाल, कैंट विध ाायक सत्यप्रकाश अग्रवाल , दक्षिण विधानसभा विधायक सोमेंद्र तोमर, महानगर महामंत्री महेश बाली ,महानगर महामंत्री अरविंद मारवाड़ी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा, महिला आयोग सदस्य राखी त्यागी, कार्यक्रम संयोजक विवेक रस्तोगी रहे। मंच संचालन निधि रस्तोगी और कादंबरी कौशिक ने किया। कार्यक्रम संयोजीका बबिता चौहान रही।

## वेंक्टेश्वरा में शहीद मंगलपाण्डे की जयन्ती पर मंगल पाण्डे आजादी का अग्रदूत'' विषय पर संगौष्ठी का आयोजन




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दिल्ली-रूडकी बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में आज भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले क्रान्ति दूत एवं 1857 की क्रान्ति के महानायक शहीद मंगलपाण्डे की 194वीं जयन्ती पर राष्ट्र के इस महान नायक को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ''मंगलपाण्डे -आजादी का अग्रदूत'' विषय पर संगौष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओ ने इस महान क्रान्तिकारी के द्वारा देश में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी जलाने से लेकर भारतीय सैनिकों को अंग्रेजी हुक्मरानो से लोहा लेने का साहस देने की इबादत लिखने पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अलावा उपस्थित स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को देश सेवा की शपथ भी दिलायी गयी। वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में ''मंगलपाण्डे आजादी का अग्रदूत'' संगौष्ठी का शुभारम्भ वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि देश को आजाद करने की जंग में हजारो लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन ब्रिटिश हुक्मरानो के खिलाफ सबसे पहले खुला विद्रोह एवं प्रथम क्रान्ति की मशाल जलाने वाले एकमात्र नायक शहीद मंगलपाण्डे ही थे। मंगलपाण्डे पहले ऐसे क्रान्तिकारी थे, जिन्होने ब्रिटिश आदेशों को मानने से इंकार करते हुए भारतीय सैनिकों को अग्रेजों से सीधा मुकाबला करने का साहस दिया। हम भारत माँ के उस महान सपूत को पूरे राष्ट्र के साथ नमन करते है। संगौष्ठी को प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती, कुलसचिव प्रो0 पीयूष पाण्डे, डॉ0 ब्रिगेडियर सतीश अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नर्सिग प्रिंसिपल डॉ0 ऐना ऐरिक ब्राउन, विम्स के वरिष्ठ सलाहकार डॉ0 आर0एन0 सिंह, परिसर निदेशक प्रभात श्रीवास्तव, उपनिदेशक दूरस्थ शिक्षा डॉ0 अलका सिंह, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 सी0पी0 कुशवाह, डॉ0 योगेश्वर शर्मा, विकास कौशिक, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट बेंच को लेकर वकील रहे हड़ताल पर..



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को मेरठ समेत वेस्ट यूपी के सभी जिलों में वकील हड़ताल पर रहें तथा इस दौरान सभी जिलों में कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग उठाई। बता दें की केंद्रीय संघर्ष समिति के चेयरमैन महावीर सिंह त्यागी की अध्यक्षता और संयोजक सचिन चौध ारी के संचालन में हुई बैठक में हाईकोर्ट बेंच स्थापना के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के संबंध में सरकार के स्तर से कोई कार्रवाई न किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया था।जिसके तहत आज ध ारना प्रदर्शन किये गये। इस अवसर पर मेरठ बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंह, उपाध्यक्ष आशीष चौरासिया, नीरज सोम, रजत वशिष्ठ, रविन्द्र सिंह वर्मा, शिवम् गुप्ता, अजय कुमार मान, कुशलपाल सिंह मलिक, सुनील मलिक, पीतांबर त्यागी, अरूण कुमार, प्रवीण कौशिक, पंकज गुप्ता, साजिद अंसारी, यशवंत सिंह चौहान, सचिन भारद्वाज, अक्षय पटेल, ध रुव झा, अमित कुमार, विनित कुमार जैन, इरशाद आदि उपस्थित रहे।

## एमआईईटी में कोविडशील्ड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन, 60 लोगो का हुआ टीकाकरण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सब की सुरक्षा,राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए नेशनल हाईवे 58 स्थित एमआईईटी कश्रलेज में यूपीएचसी मलयाना के सहयोग से वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। 18 एवं 45 से अधिक उम्र के शिक्षकों, स्टाफ और उनके परिजनों सहित 60 लोगो का टीकाकरण किया गया। इस दौरान कोविडशील्ड वैक्सीन की पहली एवं दूसरी डोज लगई गयी। यूपीएचसी मलयाना से प्रभारी डॉ वी.के अग्रवाल, एएनएम रानी, प्रभाकर आदि का सहयोग रहा। एमआईईटी के रजिस्ट्रार संजय वशिष्ट ने कहा कि लोग बिना किसी हिचक और डर के वैक्सीन लगवाएं और भ्रांतियों से बचें। देश में अब तक 42 करोड़ 36 लाख कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है और यह प्रक्रिया बहुत तेजी से चलाई जा रही है। सभी वैक्सीन प्रभावी है। बिना किसी भ्रांति और डर के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए तैयार होना चाहिए। महामारी के इस संकट के समय में कोरोना से बचाव के अनुरूप व्यवहार के साथ-साथ वैक्सीन लगवाना ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपाय है। इस दौरान चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, डायरेक्टर डश्र मयंक गर्ग, डीन एकेडमिक संतोष कुमार दास, मीडिया प्रभारी अजय चौधरी मौजूद रहे।



# कंप्यूटर साइंस इंजीनिरिंग में रोजगार के अपार अवसर

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्व विद्यालय मेरठ के कंप्यूटर विज्ञान विभाग दवारा एक विशेष ऑनलाइन करियर वेबिनार का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध नवीन तकनीक और उन से जुडे नवीन अवसरो को समझना एवम अधिसूचित करना था। इस वेबिनार की मुख्य वक्ता शोभित विश्वविद्यालय कीह्रपीह्र एच डी पाठ्यक्रम की पूर्व छात्रा डॉ. स्वाति शर्मा रहीं । वेबिनार का मुख्य संचालन प्रोफेसर डा ममता बंसलह्र द्वारा किया गया।ह्रतकनीकी सहायता एवं संचालन संस्था के कंप्यूटर विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अविनव पाठक द्वारा किया गया । वेबिनार में डाटा साइंस विशेषज्ञह्रके रूप में डॉ. स्वाति शर्माह्र नेह्र डेटा साइंस, डाटा एनालिसिस ,ए०आई इत्यादि जैसी नवीनतम तकनीकों एवं विषयोंह्र के बारे में बात की। उनके अनुसार डाटा का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैह्र इसको कैसेह्र संकुचित कर विशेषत: उपयोगी बनाने में क्या क्या तक्निककों का इस्तेमाल करना चाहिए इस विषय पर स्वाति शर्मा ने बात की। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के लिए नवीन तकनीकों पर काम करने की सलाह भी दी। उन्होने यह भी समझाया कि डाटा एनालिसिस के माध्यम से विद्यार्थी किस प्रकार अपना करियर बना सकते हैं और उसे नवीन आयामोंह्र तक ले जा सकते हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों को बताते हुए उसके समाधान पर भी प्रकाश डाला एवं चर्चा की वेबिनार के अंत में डॉ.ममता बंसल ने विद्यार्थियों की ओर से बहुतायात प्रश्न पूछे जिसका डॉ स्वाति ने उचित उत्तर दिया । डीन डॉ. राजीव दत्ता नेह्र कार्यक्रम के अंत में अपनी शुभकामनाये व्यक्त की। कंप्यूटर साइंस विभाग के सीनियर अध्यापक विजय माहेश्वरी एवं राजेश पांडेय ने छात्रों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए । वोट ऑफ थैंक्स अविनव पाठक द्वारा प्रेषित किया गया ।

## झमाझम बारिश के कारण शहर की सड़कों पर रहा जलभराव




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सोमवार सुबह से रुक-रूककर हो रही झमाझम बारिश के कारण शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया। वहीं शहर भर के नाले भी उफान पर आ गए। कई स्थानों पर पानी भरने के कारण नाले और सड़क एक हो गए।ह्रसूरजकुंड रोड स्थित नाले के पास से गुजर रहा एक युवक अचानक पैर फिसलने से नाले में जा गिरा। नाले में पानी का प्रवाह तेज था। युवक नाले में गिरते ही डूबने लगा। यह देखते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान यहां पास में ही मोजूद एक सफाई कर्मचारी राज ने व्यक्ति को डूबते देखा तो वह अपनी जान की परवाह न करते हुए नाले में उतर गया और मौके पर मौजूद लोगों की मदद से डूबे युवक को नाले से बाहर निकाल लिया। सभी लोगों ने राज के प्रयास की भरपूर सराहना की।

# अंकुर यादव सपा छात्र सभा बागपत के जिलाध्यक्ष बने

**विपुल जैन**

**बागपत।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव ने बागपत जिले के खेकड़ा कस्बे के रहने वाले अंकुर यादव की पार्टी के प्रति सक्रियता व निष्ठा को देखते हुए उन्हें सपा छात्र सभा बागपत के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। साथ ही आशा व्यक्त की कि उनके सपा छात्र सभा के बागपत जिला अध्यक्ष बनने से जिले में पार्टी का संगठन और भी अधिक मजबूत होगा और इसमें नई जान आएगी। उधर, अंकुर यादव ने कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी व दायित्व सौपे हैं वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पालन करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और भी अधिक मजबूत बनाया जाएगा। कहा कि भाजपा सरकार अब अल्प समय की मेहमान है और वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी अपना झंडा बुलंद करेगी। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों व कार्यो को द्वार-द्वार पहुंचाने की बात कही। उनके सपा छात्र सभा का जिला अध्यक्ष बनने पर उन्हें एडवोकेट विजयपाल सिंह तोमर, सपा जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, शोकेंद्र पहलवान, खेकड़ा नगर अध्यक्ष जगपाल यादव, राजेंद्र यादव सभासद समेत काफी लोगों ने बधाई दी है।



# मानसूनी रिमझिम से मौसम हुआ सुहावना

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** मानसूनी बारिश ने जिले में जोरदार ढंग से अपनी आमद दर्ज कराई, लेकिन दो दिन की बारिश के बाद भी मौसम में गर्मी और उमस बरकरार रहने और विद्युत आपूर्ति बदहाल हो जाने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। बीती देर रात मानसून ने फिर दस्तक दी। रात्रि में तेज बारिश हुई तो वहीं सवेरे से ही रिमझिम बारिश का दौर बना रहने के कारण गर्मी और उमस से लोगों को निजात तो मिली, लेकिन शहर के साथ ही गांव देहात में कई क्षेत्रों में बत्ती गुल हो जाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। शहर के कई मौहल्लों में सवेरे से ही बत्ती गुल हो जाने के कारण इन्वर्टर भी दम तोड़ गये। रविवार को मौसम में बदलाव दिखाई दिया। दिनभर आकाश पर बादल छाये रहे, लेकिन बादलों के छाने के बाद भी उमस के कारण लोगों को चिपचिपी गर्मी के कारण बदहाल रहना पड़ा। दिनभर बारिश का इंतजार होता रहा, लेकिन शाम



ढलने तक भी बारिश नहीं हुई। देर रात अचानक ही मौसम ने फिर करवट ली और रातभर मूसलाधार बारिश होती रही। दिन निकलने पर भी बारिश का दौर बना रहा। मानसूनी रिमझिम बारिश के कारण मौसम में बनी उमस और गर्मी से भी लोगों को निजात मिली है। सोमवार को बारिश का दौर पूरे जनपद में रहा, दिन में भी कहीं पर तेज और कहीं हल्की बारिश लगातार होने के कारण ठण्डक का अहसास हुआ। लोगों को बारिश के कारण गर्मी से तो निजात मिल गयी, लेकिन कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप्प रहने के कारण लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई क्षेत्रों में बारिश के कारण जलभराव की समस्या ने लोगों को मशक्कत में डाले रखा। कच्ची छत वाले मकानों में रह रहे परिवारों को छत गिरने का डर भी सताता रहा। शहर में भी निचले इलाकों और मलिन बस्तियों में जलभराव की विकट समस्या बनी हुई है। रिमझिम बारिश के कारण शहर की सड़कें तो जलभराव से अछूती नजर आयी, लेकिन कई मौहल्लों की गलियों में जलभराव के कारण आवागमन दूभर बना रहा। मौहल्ला लद्दावाला, मल्हुपूरा, जनकपुरी, ष्णापुरी, प्रेमपुरी, खालापार, किदवईनगर, मक्कीनगर के साथ ही गांधी कालौनी, पटलेनगर, नई मण्डी की भी कई गलियों में जलभराव के कारण लोगों को आने जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शहर के कई मौहल्लों में देर रात से ही विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने के कारण लोगों को बिजली के साथ ही पानी के लिए भी तरसना पड़ा। मौहल्ला ष्णापुरी में तो रात से ही बिजली गायब रही। सवेरे तक भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं होने के कारण यहां पर लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर ने भी दम तोड़ दिया और लोगों को रोशनी के लिए तरसना पड़ा। इसके साथ ही देर रात से बिजली ठप्प रहने के कारण यहां पर पानी की आपूर्ति भी प्रभावित रहने के कारण लोगों को दिनचर्या के लिए पानी की समस्या से जूझना पड़ा। शहर में इसके अलावा भी कई अन्य क्षेत्रों में बिजली की समस्या बनी रही। वहीं बिजली न होने के कारण प्रभावित जलापूर्ति को दुरुस्त करने के लिए नगरपालिका परिषद् के जलकल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बंदोबस्त करने में जुटे रहे। वहीं दूसरी और रात से हो रही निरंतर बरसात के बावजूद नगर पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को वार्ड संख्या 20 पवन चौधरी सभासद के वार्ड क्षेत्र स्टेडियम के पास नाला टीम द्वारा नाले की तली झाड़ सफाई कराई गई। इसके अलावा वार्ड संख्या 35 परवेज आलम सभासद के वार्ड में मोहल्ला रामपुरम क्षेत्र में भी नालों के पास उगी घास की कटाई कराते हुए नालों की तली झाड़ सफाई का अभियान जारी रहा। पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल द्वारा कहा गया है कि नाला टीम पालिका क्षेत्र में नित्य बड़ी मुस्तैदी के साथ सर्दी, गर्मी एवं बरसात की परवाह किए बगैर 12 अप्रैल 2020 से निरंतर सफाई का कार्य कर रही है। क्षेत्रीय सभासदगण द्वारा भी बरसात के मौसम में कराई गई नालों की सफाई की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि नालों की सफाई का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## जनता की समस्याओ के निराकरण के लिए सभी अधिकारी कार्यालय में बैठ कर करें जनसुनवाई: डीएम

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओ में है। उन्होने शासन स्तर से प्राप्त निर्देषो के क्रम में अधिकारियों को निर्देषित किया कि सभी अधिकारी व विषेष रूप से फील्ड़ में तैनात अधिकारी अपने–अपने कार्यालयों में जनसुनवाई हेतु पूर्वान्ह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक अवष्य बैठे तथा जनता की समस्याओ के निराकरण के लिए उपलब्ध रहे।

## महिला शक्ति की मीटिंग नन्द वाटिका में हुई संपन्न



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** महिला शक्ति की मीटिंग नन्द वाटिका जिला मेरठ में संपन्न हुई। मीटिंग में नामित जिले के जिला अध्यक्ष भारत भूषण शर्मा व शिल्पा शर्मा,उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह व बबीता धामा तथा अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध यक्षता जिले की अध्यक्ष श्रीमति शिल्पा शर्मा जी के द्वारा की गई। मीटिंग में विधवा माताओं को दी जाने वाली योजनाओं के विषय में चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों को कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी को संस्था के नियमों से भीअवगत कराया गया व आगे की कार्यकारिणी के विषय में चर्चा की गई।

## 5 सितम्बर की महापंचायत को भाकियू ने बनाई रणनीति

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन में अब मुजफ्फरनगर से आंदोलन को नई धार देने का काम किया जायेगा। इसके लिए संयुक्त किसान मोर्चा की 5 सितम्बर की महापंचायत की तैयारियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन पूरे बल से जुटती नजर आ रही है। इस महापंचायत की कमान सीधे तौर पर यूनियन कार्यकर्ताओं के ही हाथों में रहेगी। इसकी तैयारियों को लेकर आज जिला संगठन की बैठक में रूपरेखा तय करने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। महापंचायत में सभी व्यवस्थाओं को यूनियन के वालियंटर्स ही संभालेंगे। इसके लिए एक 13 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस महापंचायत में यूपी के और हरियाणा के साथ ही अन्य प्रदेशों के किसान भारी संख्या में उमड़ने की संभावना है। भारतीय किसान यूनियन जिला कार्यालय महावीर चौक पर जिला मुजफ्फरनगर के समस्त पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आने वाली 5 सितंबर 2021 को संयुक्त किसान



मोर्चा के आह्वान पर राजकीय इंटर कालेज मैदान मुजफ्फरनगर में होने वाली विशाल महापंचायत के विषय में गहन विचार विमर्श हुआ। विचार विमर्श के दौरान 13 कार्यकर्ताओं की एक व्यवस्थापक समिति का गठन किया गया जो विशाल महापंचायत में होने वाले कार्य जैसे मंच व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, साउंड व्यवस्था के साथ ही खाने पीने के लिए भंडारों की व्यवस्था की निगरानी करने का काम करेगी। बैठक में हुए विचार विमर्श से गठित समिति के अनुमोदन के लिए इस व्यवस्थापक समिति को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के समक्ष उनके आवास पर जाकर लिखित रूप में पेश किया गया, जिस पर उन्होंने मोहर लगाकर इस व्यवस्थापक समिति को अधि त किया है। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष चौध री धीरज लाटियान ने की व संचालन चौधरी शक्ति सिंह ने किया। भाकियू द्वारा 5 सितम्बर की महापंचायत के लिए गठित अधि त व्यवस्थापक समिति के सदस्यों में धीरज लाटियान, चाँदवीर फौजी, नीटू दुलैहरा, विशाल बालियान सिसौली, राजू अहलावत, मांगेराम त्यागी, योगेश शर्मा, मास्टर महकार सिंह, शाहिद आलम, राजेंद्र सैनी, अनुज बालियान, कृष्ण प्रधान करौदा, ठाकुर सतेन्द्र पुण्डीर के नाम शामिल हैं।

## स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर लिया प्रदर्शन




**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य विभाग के लिपिक संवर्ग के स्थानांतरण समायोजन नीति के विरुद्ध किए गए स्थानांतरण के विरोध में कार्य बहिष्कार कर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्टीरियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा जनपद मुजफ्फरनगर के बैनर तले निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा नीति नियम के विरुद्ध लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों के स्थानांतरण कर दिए गए हैं स्थानांतरण के समायोजन के विरोध में प्रांतीय अध्यक्ष और महामंत्री के आह्वान पर सोमवार को कार्य बहिष्कार किए जाने के आदेश के बाद शाखा मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार व महामंत्री धर्मेंद्र कुमार कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन करते हुए निर्णय लिया गया कि सोमवार में मंगलवार को कार्य बहिष्कार किया जाएगा तथा भाई से 24 जुलाई तक पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा जिसके बाद 26 जुलाई को मांगे ना माने जाने पर लिपिक संवर्ग के द्वारा महानिदेशालय का घेराव लखनऊ में किया जाएगा।

## नीता भारतीया का बागपत से हुआ स्थानांतरण



**विपुल जैन**
**बागपत।** जिला कमांडेंट नीता भारतीया का बागपत से स्थानांतरण हो गया। उन्होंने सोमवार को 29वे जिला कमांडेंट के रूप में सुल्तानपुर का कार्यभार संभाला। नीता भारतीया तेजतर्रार महिला अधिकारियों में गिनी जाती है। वह 2014 बैच की पीसीएस अधिकारी हैं। जिला कमांडेंट अपने विभागीय कार्य को बहुत ही कुशलता और सरलता के साथ समय से करने के लिए संकल्पित रहती हैं।

उनका बागपत से स्थानांतरण होने पर उन्हें विभाग के अधिकारियों के कर्मचारियों ने विदाई दी और सुल्तानपुर में पदभार ग्रहण करने के बाद उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

# जनप्रतिनिधियों के द्वारा 9 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आज निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से नवचयनित 26 व्यायाम प्रशिक्षकों तथा 508 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों में से 50 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र लखनऊ में वितरित किये। शेष चयनित अधिकारियों को उनके गृह जनपद में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण एनआईसी में देखा गया। जिसके अंतर्गत जनपद के नवचयनित 09 क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अखिल बालियान, अनित कुमार, नेहा मदान, अंकुर बालियान, आशु शर्मा, संदीप कुमार, विकास कुमार, संदीप मलिक, एवं आकाश मलिक को एनआईसी कलेक्ट्रेट में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक विक्रम सैनी एवं जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कर उनको बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा नवचयनित व्यायाम प्रशिक्षकों एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों को निष्ठा एवं इमानदारी पूर्वक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाहन करने को कहा। एन आई सी में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।।

# प्रदूषण फैलाने वाले कचरे के दो ट्रक पकड़े

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** पेपर मिलों में प्रदूषण फैलाने वाले कचरे का प्रयोग रुक नहीं रहा है। रात्रि के समय 10:30 पर शामली की तरफ से आ रहे पन्नी कचरे के दो ट्रक दिखने पर सुमित मलिक के साथ द्वारा पोलूशन अधिकारी को सूचना दी गई। जिसके उपरांत बघरा पुलिस चौकी द्वारा पकड़े गए मौके पर पोलूशन अधिकारी पहुंच गए। उन्होंने कहा कि कि फुरकान नामक व्यक्ति कचरा माफिया जो रात्रि के समय जनपद मुजफ्फरनगर में पेपर मिलो में कचरे की सप्लाई देता है और पोलूशन आम जनमानस के जान जाने का खतरा होता है। पोलूशन फैलने की वजह से आम आदमी मर रहे हैं। कैंसर जैसी घातक बीमारी जन्म ले रही है जनपद मुजफ्फरनगर में पेपर मिल मालिक कचरा फूकने से बाज नहीं आ रहे हैं रात्रि के समय खुलेआम पन्नी बोलर में फूकते हैं जिससे स्टीम बनती है। पन्नी जलने से बोलर मे हीट ज्यादा होती है। जिससे पेपर जल्दी बनता है यह आम जनमानस के लिए बहुत ही घातक है। इनके चलते आम जनता को ऑक्सीजन की जरूरत होतीहै पन्नी चलने की वजह से सबसे ज्यादा ऑक्सीजन की कमी होती है। पोलूशन अधिकारी द्वारा कचरा माफिया धर पकड़ की गई थी अपनी चतुराई से बाज नहीं आ रहे हैं। आखिर कब तक रात्रि के समय इस तरह पन्नी कचरा अलग अलग राज्य से जनपद मुजफ्फरनगर में आता रहेगा इस पर संज्ञान लेने की बहुत ज्यादा जरूरत है।



# रिश्वत मांगने वाले लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई, एसडीएम खतौली ने दिए निलंबन के आदेश



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली तहसील के एक लेखपाल द्वारा किसान से रिश्वत मांगे जाने के मामले में एसडीएम खतौली ने मामले में संज्ञान लेते हुए आरोपी लेखपाल के निंलबन के आदेश दिए है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि खतौली लेखपाल प्रकरण में उप जिलाधिकारी खतौली द्वारा संज्ञान लिया गया है और संबंधित लेखपाल के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दें कि खतौली तहसील के लेखपाल द्वारा खुल्लम खुल्ला किसान से रिश्वत मांगी गई थी जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वीडियो में लेखपाल साफ कहता सुनाई दे रहा है, कि पहले ही हाथ पर थूक देते तो अब तक काम कब का हो गया होता। किसान ने रिश्वत के रुप में पाँच सौ रुपये लेखपाल के हाथ पर थूक भी दिया है। लेकिन लेखपाल इससे संतुष्ठ नहीं हुआ और किसान द्वारा अपेक्षा से कम रुपये मिलने पर क्षुब्ध लेखपाल वीडियो में तहसील के कम्प्यूटर विभाग व कानूनगो के अलावा अन्य कर्मचारियों को भी रिश्वत रूपी प्रसाद बांटे जाने की स्वीकारोक्ति करके हाथ पर और ज्यादा थूकने की डिमांड कर रहा है। बताया जाता है कि पूर्व में खतौली तहसील में तैनाती के दौरान चर्चित लेखपाल एक बार पहले भी निलंबित हो चुका है। जिसके बाद फिर से रिश्त मांगने का वीडियो वायरल होने से लेखपाल चर्चाओं में है। जिससे सरकारी महकमें में हड़कंप मचा हुआ था। मामले में एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए आरोपी लेखपाल के निलंबन के आदेश दिए है।

## समाजवादी पार्टी युवजन सभा में पदाधिकारी नियुक्त

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी युवजन सभा के जिला महासचिव शिवम त्यागी एडवोकेट ने युवजन सभा जिलाध्यक्ष फिरोज अंसारी की सहमति से संगठन को सक्रिय करने व विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए विधानसभा कार्यकारिणी के गठन हेतु युवजन सभा के पदाधिकारियो को प्रभारी बनाया है। समाजवादी युवजन सभा महासचिव शिवम त्यागी ने बताया कि सदर विधानसभा पर मो. रमीज,जिला सचिव व अश्वनी जैन,जिला सचिव खतौली पर आलम त्यागी जिला उपाध्यक्ष व गुड्डू अंसारी,जिला सचिव व चरथावल पर अर्जुन कश्यप,जिला उपाध्यक्ष राजीव बाल्मीकि, जिला सचिव को पुरकाजी विधानसभा पर शमी खान,जिला उपाध्यक्ष व आशीष खटीक,जिला सचिव को व मीरापुर विधानसभा पर तरुण शर्मा,जिला उपाध्यक्ष व भानु त्यागी,जिला सचिव एवं बुढ़ाना विधानसभा पर शिवम त्यागी उर्फ काका,जिला महासचिव तथा दीपक गुर्जर,जिला सचिव को प्रभारी बनाते हुए विधानसभा व ब्लॉक तथा नगर कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# सगे भाईयों को श्रद्धासुमन अर्पित करते रोया आसमान



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** ऋषिकेश में हादसे में असमय बिछुड़े अंकित विहार निवासी दो सगे भाई दीपक शर्मा और राजीव शर्मा की शोकसभा का आयोजन पचौंडा रोड पर रिसोर्ट में किया गया। दोनों भाई सपा के वरिष्ठ नेता और पिछला विधानसभा चुनाव बसपा टिकट पर शहर से लड़ चुके राकेश शर्मा के साले थे। बारिश के बावजूद उनकी शोकसभा में बड़ी संख्या में लोग जिलेभर से ही नही बल्कि आसपास के जिलों से भी पहुंचे। सभी ने शोकसभा में नम आंखों से दोनों भाइयों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व एमएलसी आशु मलिक, पूर्व सांसद राजपाल सैनी, शिवान सैनी, पूर्व विधायक अनिल कुमार, सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, प्रसपा जिलाध्यक्ष इलम सिंह गुर्जर, सदर ब्लाक प्रमुख अमित चौधरी, ब्राहमण समाज के प्रमुख नेतागण समेत सभी वर्गो के सामाजिक, राजनैतिक व व्यापार संगठनों से जुडे नेताओं ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# श्री कदीम अग्रवाल सभा भवन अबूपूरा में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** श्री कदीम अग्रवाल सभा भवन अबूपूरा में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसके आयोजक संजय गर्ग जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विशाल गर्ग जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, रोहित तायल अध्यक्ष हनुमत मंडल, सभासद अमित गोयल, हिमांशु गोयल, सोनू गर्ग मनोज गुप्ता, संजीव गोयल, विपुल तायल, हेमेंद्र शर्मा रहे। कैंप में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ष्ण गोपाल मित्तल का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। ष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि बहुत ही सुंदर व्यवस्था के साथ आयोजकों द्वारा कैंप का आयोजन किया गया है।

# निधीश राज गर्ग ने लगवाई वैक्सीन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** श्री पंचमुखी बालाजी सेवा संघ के द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में वैक्सीनशन कैम्प लगवाया गया जो कि 18 से 45 वर्ष एवम 45 वर्ष से ऊपर वालो वैक्सीन लगाई गई।जिसमें की निधीश राज गर्ग जिला महासचिव,व्यापार सभा,सपा ने भी वैक्सीन लगवाई। जिसमे मुख्यरूप से विशाल गर्ग,हिमांशु गोयल, बॉबी सभासद,मनोज गुप्ता एवम सभी पंचमुखी बालाजी सेवा के सभी सेवादार मजूद थे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।